भारत सरकार

सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय

**लोक सभा**

**लिखित प्रश्न सं. 4681**

जिसका उत्तर 31.03.2022 को दिया जाना है

**भारतमाला परियोजना**

4681. श्री नारणभाई काछड़िया:

श्री परबतभाई सवाभाई पटेल:

क्या सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) भारतमाला परियोजना के कार्यान्वयन की वर्तमान स्थिति क्या है;

(ख) उक्त परियोजना के अंतर्गत गुजरात राज्य में कितने किलोमीटर सड़कों का निर्माण किया जाना है

(ग) क्या राज्य में इस संबंध में निर्धारित लक्ष्यों को प्राप्त कर लिया गया है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(घ) यदि नहीं, तो राज्य में शेष लक्ष्यों को कब तक प्राप्त कर लिए जाने की संभावना है?

**उत्तर**

सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री

(श्री नितिन जयराम गडकरी)

(क) से (घ) भारतमाला परियोजना चरण- I के तहत विकास के लिए कुल 34,800 किमी लंबाई की परिकल्पना की गई है। इसमें से 20,411 किलोमीटर की लंबाई वाली एनएच परियोजनाओं को सौंप दिया गया है। गुजरात राज्य में, 1,661 किलोमीटर की परिकल्पित लंबाई में से 1,163 किलोमीटर की लंबाई और 48,587 करोड़ रुपये की लागत वाली एनएच परियोजनाओं को सौंप दिया गया है। गुजरात राज्य सहित भारतमाला परियोजना चरण- I के तहत परिकल्पित सभी परियोजनाओं को 2026-27 तक पूरा करने का लक्ष्य रखा गया है।

*****